प्रेस नोट थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 12.09.2025

चोरी का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक शाहपुर के नेतृत्व में उ0नि0 ओम प्रकाश मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 412/2025 धारा 303(2),3(5) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त कृष्णा उर्फ गोपाल को दिनांक 11.09.2025 को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय सी0जे0एम साउथ वेस्ट जिला द्वारिका कोर्ट दिल्ली के समक्ष पेश कर ट्रान्जिट रिमाण्ड पर थाना स्थानीय पर लाकर माननीय जनपदीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 29.08.2025 को वादी अपने सिनियर के साथ मार्केट विजिट हेतु शाक्तीनगर गये थे अपने विक्रेता बन्धु के ऑफिस के सामने अपनी गाड़ी जिसमे वादी व वादी के सिनियर का बैग जिसमें लैपटाप व 25,000 रुपये नगद रखे हुये थे को पार्क किये थे। जिसे अज्ञात चोर द्वारा सीसा तोड़ कर चोरी कर लिया गया था। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

कृष्णा उर्फ गोपाल पुत्र A- गणेश निवासी अन्ना नगर आईटीओ झुगी नम्बर 70 CA-1-70 T HUT रिंग रोड थाना आईपी स्टेट न्यू दिल्ली

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 412/2025 धारा 303(2),3(5) बीएनएस थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 ओम प्रकाश थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 सरतेन्दु तिवारी थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर
3. कां0 राहुल सरोज थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर